प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.09.2024/प्रादेशिक समाचार/920बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी तरह का आर्थिक संकट नहीं है, मगर वित्तीय अनुशासन के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार की कर्मचारियों का वेतन रोकने की कोई मंशा नहीं है लेकिन वित्तीय अनुशासन में किए जा रहे सुधार के मद्देनज़र वेतन देने में देरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण यह स्थिति पैदा हुई है।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही आज 11 बजे शुरू होगी। सत्र के सातवें दिन आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके अलावा अन्य सदस्य भी संबंधित दस्तावेजों की प्रति सभा पटल पर रखेंगे। सदन में नियम–62 के तहत भाजपा के बलबीर सिंह वर्मा व कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा शिमला के संजौली में मस्जिद को लेकर उत्पन्न हुए विवाद पर सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे।

शून्य काल

प्रदेश विधानसभा में आज से शून्य काल शुरू होगा। प्रदेश विधानसभा के इतिहास में यह पहला मौका है जब विधानसभा सदस्यों को जीरो आवर की सुविधा मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल विधानसभा में यह घोषणा की। पठानिया ने कहा कि शून्य काल आधे घंटे का होगा और यह प्रश्नकाल के समाप्त होने के बाद शुरू होगा। उन्होंने कहा कि शून्य काल के दौरान सदस्य अपने–अपने मुद्दे संक्षेप में उठा सकेंगे। इसके लिए उन्हें केवल एक मिनट या इससे कुछ अधिक समय मिलेगा और संबंधित मंत्री इस पर अपना पक्ष रखेंगे।

सुखविंदर सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मीडिया से निष्पक्षता के साथ अपनी भूमिका निभाने का आवाहन किया है। विधानसभा में भाजपा विधायक रणधीर शर्मा द्वारा ध्यानाकर्षण के तहत उठाए गए मीडिया के स्वतंत्रता के मामले पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया को किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पूर्व उसकी अच्छी तरह से जांच की जानी चाहिए। इससे पूर्व रणधीर शर्मा ने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता का हनन नहीं होना चाहिए।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेश की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि झूठे वायदों के दम पर कांग्रेस ने सत्ता तो हासिल कर ली मगर सरकार चलाने में बेबस साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते बीस महीने में प्रदेश सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने छोटे से कार्यकाल में 25 हजार करोड़ रूपए का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्ज के बोझ को और बढ़ाया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में भारी बारिश हुई। इसके अलावा मणिमहेश कैलाश पर्वत सहित भरमौर की पहाड़ियों पर हल्क हिमपात भी हुआ। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेशभर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने भारी वर्षा के मद्देनज़र लोगों से नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है आर्थिक सेहत में सुधार को चाहिए कर्मचारी–अधिकारियों का सहयोग–सीएम बोले सैलरी रोकने की मंशा नहीं, वित्तीय अनुशासन के लिए भुगतान में देरी। पंजाब केसरी लिखता है ऑडिट रिपोर्ट समयबद्ध सौंपने के लिए एक्ट में प्रावधान करने पर होगा विचार। हिमाचल दस्तक का कहना है शराब पर लगेगा नया प्राकृतिक खेती सेस। दैनिक जागरण के मुताबिक महंगाई की मार झेलने के लिए रहें तैयार–सीएम सुक्खू ने हिमाचल में डीजल पर वैट बढ़ाने का दिया संकेत।

पंजाब केसरी की सुर्खी है ग्रामीण क्षेत्रों में सवा बीघा तक लागू नहीं होगा टीसीपी एक्ट। दिव्य हिमाचल के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में निर्माण के लिए पास करवाने होंगे नक्शे।

पंजाब केसरी की एक खबर है अयोग्य घोषित 6 विधायकों की पैंशन रोकने से संबंधित विधेयक पेश। अमर उजाला का शीर्षक है दल–बदल में अयोग्य पूर्व विधायकों की पेंशन बंद करने की तैयारी। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं हिमाचल में अयोग्य घोषित विधायकों की जाएगी पैंशन।

विधानसभा में सीएम सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम आमने–सामने शीर्षक से आपका फैसला लिखता है आर्थिक तंगहाली के लिए एक–दूसरे को ठहराया जिम्मेदार। अमर उजाला के अनुसार वेतन, पेंशन में देरी पर सुक्खू व जयराम आमने–सामने।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है शिमला, कुल्लू और कांगड़ा में झमाझम बारिश। आपका फैसला के शब्द हैं हिमाचल के कई भागों में एक सप्ताह तक बारिश जारी रहने के आसार।

.....